सर्वोच्च प्राथमिकता / तत्काल

पत्र संख्या-आई0टी0 अनुभाग/कार्यालय पत्रावली / 2015-16 / 1140 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0 अनुभाग)
दिनाँक // लखनऊ // 29 मार्च, 2016

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

वाणिज्य कर विभाग में कम्प्यूटर संवर्ग में सीधी भर्ती के कतिपय पद कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति / मृत्यु के फलस्वरुप रिक्त हैं जिनकी भर्ती का अधियाचन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर प्रेषित किया जाना है। फील्ड में तैनात रहे कम्प्यूटर संवर्ग के कर्मचारियों के निधन की सूचना मुख्यालय को प्राय: प्रेषित नहीं की जाती है तथा इस संवर्ग में तैनात कर्मचारियों के क्षैतिज आरक्षण की स्थिति भी मुख्यालय पर अद्यतन नहीं है।

अत: इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आपकी जोन में कार्यरत कम्प्यूटर संवर्ग के कर्मचारियों की अद्यावधिक एवं त्रुटिरहित सूचना निर्धारित प्रारुप में दिनांक 07-04-2016 तक प्रत्येक दशा में फैक्स / डाक द्वारा आई0टी0 अनुभाग, वाणिज्य कर, मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि आयोग को अधियाचन प्रेषित किये जाने की अग्रेतर कार्यवाही तत्परता से की जा सके।

क- कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटरों की सूचना

क्र0 सं0	कार्यरत कर्मचारी का नाम / पद नाम	सेवानिवृत्ति की तिथि	श्रेणी (Gen./OBC/SC/ST) जो लागू हो	विकलांगता की श्रेणी (दृष्टिहीन या कम दृष्टि / श्रवण ह्रास / चलन क्रिया नि:शक्तता) जो लागू हो	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	भूतपूर्व सैनिक के आश्रित	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

ख- मृत / सेवानिवृत्त हो चुके कम्प्यूटर आपरेटरों की सूची

क्र0 सं0	मृत / सेवानिवृत्त कर्मचारी का नाम / पद नाम	मृत्यु / सेवानिवृत्ति की तिथि	श्रेणी (Gen./OBC/SC/ST) जो लागू हो	विकलांगता की श्रेणी (दृष्टिहीन या कम दृष्टि / श्रवण ह्रास / चलन क्रिया नि:शक्तता) जो लागू हो	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	भूतपूर्व सैनिक के आश्रित	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

29/03/16

(बी0 राम शास्त्री)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।